अमर उजाला 14/01/2024

कॉलेज परिसर में लोहड़ी पर्व मनाते स्टाफ और विद्यार्थी। संवाद

दूल्हा भट्टी वाला पर थिरके विद्यार्थी

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में शनिवार को लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त और अन्य स्टाफ सदस्यों ने कॉलेज ऑडिटोरियम के समक्ष लोहड़ी में आग जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इसके पश्चात महाविद्यालय के छात्र और छात्राएं ढोलक की थाप पर थिरके। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों को लोहड़ी और मकर संक्रांति की बधाई दी।

कॉलेज के अन्य प्राध्यापक डॉ. सीमा कंसल, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. एसएस नैन, डॉ. बृजेश, डॉ. राजेंद्र देशवाल, डॉ. केके पुनिया, डॉ. नियति, डॉ. अनुपमा सिहाग, डॉ. सरोज बाला, डॉ. नेहा, डॉ.अमित सहित कॉलेज के सभी शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग के सदस्य मौजूद रहे। संवाद